N 976

Seat Number | | | | | | | |

2026 III 18 1100 –N 976– SOCIAL SCIENCES (73) GEOGRAPHY—PAPER II (H)

(REVISED COURSE)

Time : 2 Hours **(Pages 7)** **Max. Marks : 40**

सूचना :—

(1) *सभी प्रश्न/कृति अनिवार्य हैं।*

(2) *दाहिनी ओर के अंक प्रश्नों के लिए पूर्णांक हैं।*

(3) *प्रश्न क्रमांक 4(अ) के लिए ब्राजील के मानचित्र के खाके का उपयोग कीजिए तथा उत्तर-पुस्तिका के साथ बाँधिए।*

(4) *प्रश्न क्रमांक 6(अ) के लिए आपको दिये गये आलेख पेपर का उपयोग कीजिए तथा उत्तर-पत्रिका के साथ बाँधिए।*

(5) *मानचित्र के लिए स्टेन्सिल का उपयोग कर सकते हैं।*

(6) *आवश्यकतानुसार सुस्पष्ट, आकृति एवं रेखाचित्र खींचिए।*

(7) *उत्तर लिखने के लिए काले अथवा नीले रंग की स्याही का उपयोग कीजिए। पेन्सिल से लिखे हुए उत्तरों पर विचार नहीं किया जाएगा।*

(8) *पेन्सिल अथवा रंगीन पेंसिल का उपयोग आकृति, रेखाचित्र एवं मानचित्र कार्य के लिए कर सकते हैं।*

1. उचित पर्याय चुनकर विधान पूर्ण कीजिए तथा उत्तर-पत्रिका में पुनः लिखिए : **4**

(1) सबसे सस्ता परिवहन ..... है।

(*i*) सड़क मार्ग

(*ii*) जल मार्ग

(*iii*) वायु मार्ग

(*iv*) रेल मार्ग

P.T.O.

(2) भारत से गुजरने वाली ..... तक सूर्य किरणें लंबवत् होती हैं।

(*i*) भूमध्य रेखा

(*ii*) मकर रेखा

(*iii*) कर्क रेखा

(*iv*) देशान्तर

(3) ब्राजील में ..... वनों के कारण वातावरण में बड़े पैमाने पर आक्सीजन उपलब्ध होती है।

(*i*) पर्णपाती

(*ii*) कंटीली झाड़ियाँ

(*iii*) सदाबहार वर्षा

(*iv*) हिमालयी

(4) भारत की प्रति व्यक्ति आय ब्राजील से कम है क्योंकि .....

(*i*) राष्ट्रीय आय कम है

(*ii*) जनसंख्या बहुत अधिक है

(*iii*) परिवार बड़े-बड़े हैं

(*iv*) अन्न का अभाव है

2. भिन्न घटक पहचानिए : **4**

(1) ब्राजील के प्रदेश :

(*i*) साओ पाउलो

(*ii*) पराना

(*iii*) बहिया

(*iv*) उरुग्वे

(2) पठारी प्रदेश :

(*i*) महाराष्ट्र

(*ii*) पेंटानल

(*iii*) कर्नाटक

(*iv*) तेलंगाना

3/N 976

Seat Number | | | | | | | |

(3) भारत में अधिक वर्षा वाले प्रदेश :

(*i*) मौसिनराम

(*ii*) चेरापूँजी

(*iii*) जैसलमेर

(*iv*) महाबलेश्वर

(4) ब्राजील के व्यापार में प्रमुख भागीदार देश :

(*i*) चीन

(*ii*) जर्मनी

(*iii*) संयुक्त राज्य अमेरिका

(*iv*) कनाडा

3. बताइए कि नीचे दिए गये वाक्य सही हैं अथवा गलत (कोई *चार*) : **4**

(1) नलदुर्ग पहाड़ी किला है।

(2) विश्व में सर्वाधिक वनस्पतियों की प्रजातियाँ ब्राजील में हैं।

(3) गोआ सर्वाधिक नगरीकरण वाला राज्य नहीं है।

(4) ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी तट के निकट मत्स्योत्पादन का केंद्रीयकरण हो गया है।

(5) पर्यटन अदृश्य स्वरूप का व्यापार है।

4. (अ) दिए गये ब्राजील के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए, नाम लिखिए तथा सूची बनाइए (कोई *चार*) : **4**

(1) कोयला उत्पादक क्षेत्र

(2) रियो डी जनेरो

(3) ब्राजील में कंटीली झाड़ियों वाले वन

(4) भूमध्य रेखा

(5) पराग्वे नदी

(6) सबसे कम नगरीय जनसंख्या वाले प्रदेश

P.T.O.

4/N 976

(आ) नीचे दिए गए भारत के मानचित्र का अध्ययन कीजिए तथा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई *चार*) : 4

प्रश्न :

(1) भारत के सुदूर उत्तर में स्थित झील का नाम लिखिए।

(2) मध्य भारत में पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली प्रमुख नदियों के नाम लिखिए।

(3) कावेरी नदी कहाँ से निकली है ?

(4) मनास किस नदी की सहायक नदी है ?

(5) उपर्युक्त मानचित्र क्या दर्शाता है ?

5/N 976

Seat Number | | | | | | | |

5. **भौगोलिक कारण लिखिए (कोई *दो*) :** **6**

(1) ब्राजील में नियमित हिमपात नहीं होता है।

(2) भारत में जनसंख्या घनत्व बहुत अधिक है।

(3) पानी की उपलब्धता अधिवासों को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक है।

(4) भारत एवं ब्राजील दोनों देशों में मिश्र अर्थव्यवस्था पायी जाती है।

6. **(अ) निम्नलिखित सांख्यिकीय आंकड़ों के आधार पर साधारण रेखा आलेख तैयार कीजिए तथा प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **6**

भारत में साक्षरता दर (%)

वर्ष	साक्षरता दर (%)
1981	40.8
1991	48.2
2001	61.0
2011	69.3

प्रश्न :

(1) 2011 में साक्षरता दर कितनी है ?

(2) 1991 से 2001 तक साक्षरता दर में कितने प्रतिशत वृद्धि हुयी है ?

(3) किस वर्ष की साक्षरता दर 40.8% है ?

P.T.O.

अथवा

(आ) दिये गये आलेख का निरीक्षण कीजिए तथा प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 6



Seat Number | | | | | | | |

प्रश्न :

(1) उपर्युक्त आलेख किस प्रकार का है ?

(2) इस आलेख में क्या दर्शाया गया है ?

(3) किस देश के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन व्यवसाय का योगदान अधिक है ?

(4) भारत की कितने प्रतिशत जनसंख्या पर्यटन व्यवसाय में लगी है ?

(5) दोनों देशों में पर्यटन व्यवसाय में लगी जनसंख्या में कितने प्रतिशत का अन्तर है ?

(6) कौनसे देश में जनसंख्या पर्यटन व्यवसाय में अधिक लगी है लेकिन सकल घरेलू उत्पाद में योगदान कम है ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए (कोई *दो*) : 8

(1) ब्राजील एवं भारत को कौन-कौनसी पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ?

(2) भारत एवं ब्राजील के अक्षांशीय एवं रेखांशीय विस्तार लिखिए।

(3) ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण के लिए अपना सुझाव दीजिए।